दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 170 | छतरपुर, गुरूवार 16 जनवरी 2025 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

# चरणपादुका में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

## मास्टर प्लान के तहत होगा शहीद स्थल का विकास- विधायक






**अजय सिंह परिहार**

छतरपुर। मकरसंक्रांति पर 14 जनवरी को जिले के जलियाबाला बाग के नाम से मशहूर चरण पादुका शहीद स्थल सिंहपुर में कार्यक्रम आयोजित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक कुं.कामाख्या प्रताप सिंह मुख्य अतिथि रहे वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड यूनिवर्सिटी की कुलगुरू शुभा तिवारी द्वारा की गयी जबकि प्रशासन की ओर से एसडीएम नौगांव, तहसीलदार महाराजपुर एवं टीआई महाराजपुर मौजूद रहे।

सर्व प्रथम शहीद परिजनों द्वारा दोपहर 12 बजे शहीदों को आहूतियां देकर श्रद्धांजलि दी गयी तत्पश्चात कार्यक्रम में पधारे अतिथियों द्वारा शहीदों के स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर उनके स्वतंत्रता आंदोलन में दिये गये योगदान को याद किया गया। वहीं विधायक टीकाराजा द्वारा फीता काटकर हर वर्ष लगने वाले मेले का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कामाख्या प्रताप सिंह टीकाराजा ने कहा कि शहीद स्थल का एक मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य कराया जायेगा जिसमें एक व्यवस्थित श्रद्धांजलि सभागार एवं शहीद द्वार प्रमुख हैं। इसके अलावा नदी के घाट की सफाई कराकर सुंदरघाट भी बनाया जायेगा तथा पार्क का निर्माण कराया जायेगा। यह कार्य चार वर्ष के भीतर पूर्ण कराये जायेंगे।

***पाठ्यक्रम में शामिल होगा पवित्र स्थल का इतिहास***

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलगुरू डॉ.शुभा तिवारी ने कहा कि इस पवित्र स्थल को पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा ताकि आने वाली पीढ़ी भी यहां के इतिहास को जान सके। उन्होंने कहा कि विश्व विद्यालय में हर वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित कराया जायेगा।

***शहीद चौराहा बनाने पर विधायक ने दी सहमति***

उधर चरण पादुका सेवा समिति द्वारा शहीद चौराहा सहित अन्य मांगे प्रस्तुत किये जाने पर विधायक ने अपनी सहमति दी।

***जिला प्रशासन ने क्यों बनाई शहीद स्थल से दूरी***

लोगों ने बताया कि सन 2018 तक जिले के प्रभारी मंत्री से लेकर कलेक्टर-एसपी अनिवार्य रूप से इस कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते थे लेकिन इसके बाद न जाने ऐसा क्या हो गया कि प्रभारी मंत्री तो दूर जिले के कलेक्टर-एसपी भी इस कार्यक्रम से दूर रहने लगे। जिस पर क्षेत्रीय जनता सहित शहीद परिवारों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

***शहीदों के परिजन हुये सम्मानित***

इस श्रद्धांजलि समारोह में शहीद परिवारों के परिजनों को शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

***यह रहे उपस्थित***

इस श्रद्धांजलि समारोह में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त विक्षिप्तों के सेवक डॉ.संजय शर्मा सहित प्रभात तिवारी, शंकर लाल सोनी, कमल अग्रवाल, राजकपूर तिवारी, मुकेश गुप्ता, रामदीन यादव सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।





## शीत लहर से जनजीवन अस्त-व्यस्त,मूक पशुओं का बुरा हाल

छतरपुर। नया वर्ष शुरू होते ही मौसम जिस तरह बार-बार करवट बदल रहा है तथा जिस तेजी के साथ बर्फीली हवायें चल रही हैं उससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। खासतौर पर ठंड के इस कहर से आवारा घूमने वाले पशुओं का बुरा हाल है।

ज्ञात हो कि पिछले चार-पांच दिनों से शहर शाम ढलते ही कोहरे की चादर से ढक जाता है जो कभी दोपहर में खुलता है तो किसी दिन तो कभी-कभी सूर्यदेवता के दर्शन ही नहीं होते। मंगलवार को सूर्य देवता के दर्शन देने एवं हवायें न चलने से ठंड से कुछ राहत मेहसूस की जा रही थी लेकिन बुधवार को महज दो-तीन घंटे तक ही सूर्यदेवता के दर्शन हुये। इस दिन सर्दीली हवायें इस कदर चल रही थी कि लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा था। अगर यह ठंड इसी तरह पड़ती रही तो लोगों का और बुरा हाल हो सकता है।

# 50 सालों से नदी के बीचो-बीच लगता आ रहा है यह मेला

## नदी के बीचों-बीच सिद्धबाबा की पहाड़ी के पास सिद्धन मेले में बड़ी संख्या में उमड़ी भीड़



राजाराम साहू

परिहार गर्जना न्यूज। घुवारा ।। मकर संक्रांति के पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवां से करीब 5 किलोमीटर दूर छतरपुर-टीकमगढ़ जिले की सीमा पर धसान नदी के बीचों-बीच सिद्धबाबा की पहाड़ी के पास सिद्धन में विशाल मेले का आयोजन किया गया छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिले की सीमा पर स्थित ग्रामों के हजारों पुरुष, महिलाएं व बच्चे शामिल हुए। यह मेला हर वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें सभी तरह के दुकानदार शामिल होते हैं। मेले में मनिहारी की दुकानें विशेष रूप से महिलाओं के आकर्षण का केंद्र रहती हैं। खेल खिलौनों की दुकाने, खाने-पीने का सामान दुकानदर ले जाते हैं और वहां सब कुछ खत्म करके ही वापस आते हैं। लोग पहाड़ी पर स्थित नदी के बीचों -बीच सिद्ध बाबा और हनुमान लला के मंदिर में दर्शन करते हैं और प्रसाद चढ़ाने आते हैं। पुलिस की मकर संक्रांति के अवसर पर मेले में पुलिस कर्मियों की सराहनीय पहल देखने को मिली है। सिद्धन मेले में कुंडलया गांव के अपने परिजनों के साथ घूमने आई बच्ची को पुलिसकर्मियों ने कुछ ही घंटों में परिजनों से मिलाया। अपने बच्चों को सकुशल पाकर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# देश की राजधानी नई दिल्ली में किया गया बुंदेलखंड के ब्राह्मण योद्धाओं का सम्मान



परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। देश की राजधानी में हर वर्ष की भांति मकरसंक्रांति के पर्व पर भारत के ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया ने विश्व के प्रमुख ब्राह्मण उद्योगपति, राजनेता, जस्टिस, पत्रकार एवं नारी शक्तियों के चर्चित चेहरों का किया सम्मान। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राजयपाल श्री कलराज मिश्रा जी थे इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष IAS विश्वपति त्रिवेदी जी, भारत सरकार के पूर्व पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री महेश शर्मा जी, पेटीएम के सीईओ विजय शेखर शर्मा, कर्नल जी. डी. बक्शी, सोशल मीडिया पर चर्चित अनुराधा तिवारी, पद्मश्री अनुज शर्मा, पर्यावरण विशेषज्ञ इंजीनियर आकांक्षा टिक्कू (परिवर्तन NGO), पत्रकार राजीव शुक्ला, सम्मिलित हुए मतंगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर के पंडित सुधीर शर्मा जी को यूरोप में किये जा रहे योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में एवं संगीतज्ञ डॉ शिव पूजन अवस्थी को ग्रामीण क्षेत्रों में शास्त्रीय संगीत की सेवा देने के लिए विशेष सम्मान दिया गया कार्यक्रम का सफल संचालन पद्मश्री विभुषित जल योद्धा उमा शंकर पांडे जी ने किया अगला विशाल ब्राह्मण सम्मेलन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होगा। जिसमे विश्व के सभी बुद्धि जीवियों एवं समाज सेवकों को विशेष रूप से आमंत्रण दिया जाएगा।

# 102 वर्षीय द्रोपती बाई सेन पंचतत्व में विलीन



परिहार गर्जना न्यूज। बीना (सागर) कानूनगो वार्ड निवासी हरिशंकर सेन, घनश्याम सेन(शिक्षक निर्मल ज्योति कॉन्वेंट स्कूल) प्रेमनारायण (पप्पू) सेन की माता श्रीमती द्रोपतीबाई सेन का 102 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया गया। जिनका अंतिम संस्कार कटरा मंदिर स्थित मुक्तिधाम पर मुख्यअग्नि उनके पुत्रों ने दी ।उनकी अंतिम यात्रा समाजसेवी शिक्षक गण,और समाज बंधु शामिल हुए एवं सभी ने दिवंगत आत्मा को भगवान की श्री चरणों में शामिल होने की प्रार्थना की। 2 मिनट का मौन रख कर शांति पाठ किया।

# मकरसंक्रांति पर्व पर प्राथमिक शाला में जाकर बच्चों को स्कूली बैग एवं टिफिन वितरित किए



तुलसीदास सोनी

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। आज सीआईएसएफ इकाई खजुराहो एयरपोर्ट द्वारा सुश्री उर्वशी साव सहायक कमांडेंट कासो खजुराहो एयरपोर्ट के मार्गदर्शन में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में प्राथमिक शाला पवन नगर और जटकरा में जाकर बच्चों को स्कूली बैग एवं टिफिन वितरित किए गए।

उक्त कार्यक्रम में सीआईएसएफ बल सदस्यों द्वारा सुश्री उर्वशी साव सहायक कमांडेंट कासो खजुराहो एयरपोर्ट के मार्गदर्शन में सभी बच्चों को स्कूली बैग एवं टिफिन वितरित किए गए जिस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला पवननगर स्कूल शिक्षक प्रधान श्रीमती सविता अर्जरिया अध्यापक श्रीमती बबीता सोनी,टीचर श्रीमती उषा खरे मौजूद रही । पवन नगर स्कूल के वितरण के पश्चात सीआईएफ यूनिट ने शासकीय प्राथमिक शाला जटकरा में स्कूल के टीचर राम सहाय पटेल, निर्पत सिंह चंदेल, श्रीमती फूलमती प्रजापति, श्रीमती सुमन दुबे की उपस्थिति में बच्चों को स्कूली बैग एवं टिफिन वितरित किया। प्राथमिक शाला के बच्चों को बैग के और टिफिन के अतिरिक्त सीआईएसएफ यूनिट द्वारा खिचड़ी वितरित की गई और मकर संक्रांति पर्व के बारे में बताया गया । उक्त कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक शाला के बच्चे बहुत उत्साहित थे और प्राथमिक शाला के अध्यापकों ने सीआईएसएफ के द्वारा किये गए कार्य की प्रशंसा की।

# कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

## -क़रीब डेढ़ माह से बीना शहर में कचरा कलेक्शन का काम है बंद
## -शहर में जगह-जगह पड़े हैं कचरे के ढेर,खुलेआम जलाने से प्रदूषण भी बढ़ रहा





परिहार गर्जना न्यूज। बीना/कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन,क़रीब डेढ़ माह से बीना शहर में कचरा कलेक्शन का काम है बंद,शहर में जगह-जगह पड़े हैं कचरे के ढेर,खुलेआम जलाने से प्रदूषण भी बढ़ रहा। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका में डेढ़ माह से कचरा कलेक्शन की गाड़ियां बंद हैं, जिससे शहर की स्वच्छता व्यवस्था चरमरा गई है। इस समस्या को लेकर बुधवार को कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया गया कि शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं ।नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी का माहौल बन गया है। शहर में व्यापारी और आम नागरिक मजबूरी में कचरा सार्वजनिक स्थानों पर फेंक रहे हैं। इससे भी बड़ी समस्या यह है कि सफाई कर्मचारी कचरे को जला रहे हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है।

*नगरपालिका द्वारा भुगतान नहीं होने से कचरा गाड़ियां बंद*

बताया जा रहा है कि नगरपालिका द्वारा कचरा कलेक्शन करने वाली कंपनी का भुगतान नहीं होने पर 1 दिसंबर से कचरा गाड़ियां बंद हैं और नपा ने दूसरी कंपनी को यह काम दिया है, लेकिन डेढ़ माह बीतने के बाद भी अभी तक गाड़ियां चालू नहीं हो पाई। स्थिति यह है कि लोग सड़कों पर कचरा फेंक रहे हैं। जो कंपनी काम कर रही हैं, वह ट्रैक्टर-ट्रॉली से सिर्फ मुख्य मार्ग का कचरा उठा रही है। साथ ही बेलई तिराहा पर बंद हुए ट्रेंचिंग ग्राउंड पर ही कचरा फेंका जा रहा है।

*कांग्रेस सेवा दल ने सौंपा ज्ञापन*

कांग्रेस पार्टी ने इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष को भी ज्ञापन सौंपा था। अध्यक्ष ने 15 दिन में कचरा कलेक्शन शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कचरा कलेक्शन शुरू नहीं किया गया तो वे नगर पालिका का घेराव करेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेस सेवा दल के शहर अध्यक्ष प्रमोद राय, विवेक मिश्रा, शालू बिलगैया, शिवम पटेरिया, कीरत प्रसाद कुर्मी और तिलक सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

*इनका कहना है*

अभी चार गाड़ियां चल रहीं फिलहाल कंपनी चार कचरा गाड़ियां चला रही है। साथ ही गुरुवार तक छह गाड़ी और आ जाएंगी।

*सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया*

# शोक सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। नगर परिषद के वार्ड नंबर 12 के पार्षद महेंद्र सिंह दांगी के चाचा तथा दांगी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे लालाराम दांगी लल्ला के दुखद निधन पर आज नगर परिषद में शोक सभा का आयोजन किया गया। लोकसभा में 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए इस दुखद घटना में परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार ने स्व लालाराम दांगी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्व लालाराम दांगी के द्वारा हमेशा ही समाज और नगर के विकास को लेकर कार्य किया जाता रहा है और अपने शासकीय दायित्व में भी स्व लालाराम दांगी के द्वारा पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य किया गया तथा एक बहुत वृहद परिवार को हमेशा ही एकता के सूत्र में बांधे रखा और आज हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार लेखापाल के के वंशकार राकेश भास्कर अंकुर खरे अनिवेश नायक अखिलेश कोरी बलाराम केवट भरत दांगी सत्येंद्र राय अनीशा बानो सचिन अहिरवार सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# युवाओं की ऊर्जा और क्षमता के रचनात्मक उपयोग से बनेगा विकसित भारत- डॉ. मार्कंडेय राय

## -भारतीय संस्कृति की एकात्मता का अभिवन केंद्र है विश्वविद्यालय- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता
## -विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी ग्रहण करें, तभी राष्ट्र निर्माण संभव- कुलाधिपति

परिहार गर्जना न्यूज। सागर. डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन स्वर्ण जयंती सभागार में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्लोबल पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. मार्कंडेय राय, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री कन्हैयालाल बेरवाल एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में यह आयोजन संपन्न हुआ. अतिथियों ने डॉ. गौर और माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. स्वागत भाषण कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक प्रो. डी. के. नेमा ने दिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. शालिनी चोइथरानी ने किया. प्रभारी कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय ने आभार ज्ञापन किया.



मुख्य अतिथि डॉ. मार्कंडेय राय ने उद्बोधन देते हुए कहा कि डॉ. गौर के प्रयासों से यह विश्वविद्यालय स्थापित हुआ था और आज इसकी कीर्ति पताका देश-विदेश में विद्यमान है. हमारे आध्यात्मिक जीवन में सागर का विशेष महत्त्व है. मुझे विश्वास है कि सागर में स्थापित यह विश्वविद्यालय उच्च शिखर पर पहुंचेगा. उन्होंने कहा कि आज विकसित भारत की बात हो रही है. केवल सरकारी प्रयासों से भारत विकसित नहीं होगा बल्कि इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा. शैक्षिक संस्थान के रूप में विश्वविद्यालय की भूमिका इसमें बहुत बड़ी है. जी-20 समिट में भारत ने बसुधैव कुटुंबकम का नारा दिया. दुनिया के ज्यादातर देश बसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन पर विश्वास नहीं करते थे लेकिन यह भारत की ताकत है कि उसने पूरे विश्व को एक परिवार के रूप में समझने के सिद्धांत पर सोचने को विवश किया. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने आहूत पहले ही ग्लोबल इथिक्स की बात की थी. दलाई लामा जैसे आध्यात्मिक गुरु ने अपना जीवन समस्त धर्मो-संस्कृतियों से परे जाकर मानवता जैसे मूल्यों के प्रति समर्पित किया. यह मूल्य इस बात पर आधारित है कि हम दूसरों का सम्मान करना सीखें. उन्होंने कहा कि भारत सबसे युवा आबादी वाला देश है. हम सबका यह कर्तव्य है कि हम अपने युवाओं को मौका दें, उन्हें आगे लायें, उन्हें शांति दूत के रूप में प्रशिक्षित करें. युवाओं की ऊर्जा और क्षमता के रचनात्मक उपयोग से स्वस्थ और सुंदर वातावरण निर्मित होगा और भारत पूरी दुनिया से आगे जाकर नेतृत्वकारी स्थिति में होगा. जब-जब मानवीय अस्तित्व पर संकट आया, तब तब भारत ने ही पूरी दुनिया को रास्ता दिखाया. कोरोना जैसी महामारी इसका सबसे अच्छा उदहारण है. शिक्षक रोल मॉडल होते हैं. सभी शिक्षकों का दायित्व है कि वे अपने विद्यार्थियों को मूल्य आधारित शिक्षा दें, उनके चरित्र का निर्माण करें, उन्हें एक अच्छा मनुष्य बनाएं ताकि विद्यार्थी एक अच्छे वैश्विक नागरिक के रूप में पूरी दुनिया के लिए कार्य कर सकें. उन्होंने समुद्र मंथन के उदाहरण के माध्यम से ब्ल्यू इकॉनमी जैसे विषयों के अध्ययन की आवश्यकता को रेखांकित किया.

***भारतीय संस्कृति की एकात्मता का अभिवन केंद्र है विश्वविद्यालय- कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता***

कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी प्रतिदिन डॉ. गौर को नमन करते हुए अपना कार्य प्रारम्भ करते हैं. यह डॉ. गौर के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि विश्वविद्यालय लगातार नए-नए प्रयोग करते हुए नवाचार कर रहा है. उन्होंने कहा कि आज विवि में 15 से अधिक राज्यों के शिक्षक कार्य कर रहे हैं और 25 राज्यों के विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं. यह भारतीय संस्कृति की एकात्मता का अभिनव उदाहरण है. विवि में नवनियुक्त शिक्षक देश-विदेश से शिक्षण और अनुभव प्राप्त हैं. हमारे विवि ने डिजिटल डिग्री, अग्निवीरों के लिए पाठ्यक्रम शुरू करने, नि:शक्त विद्यार्थियों के लिए संसाधन एवं सुविधा केंद्र बनाने, पर्यावरण संरक्षण, भारतीय भाषा के प्रोत्साहन, समावेशी शिक्षा, जेंडर संवेदनशीलता जैसे क्षेत्रों में अग्रणी है. उन्होंने कहा कि विकसित भारत बनाने में महिला नेतृत्व और महिला सशक्तीकरण को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है. प्रत्येक व्यक्ति में प्रतिभा होती है. महिलाओं की क्षमता को बढ़ने के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है और उन्हें भागीदारी के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है. हम सभी डॉ. गौर के दूत हैं. हमें उनके विचारों, सपनों के अनुरूप कार्य करते हुए इस विश्वविद्यालय को और आगे ले जाना है.

***विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी ग्रहण करें, तभी राष्ट्र निर्माण संभव- कुलाधिपति***

कुलाधिपति कन्हैयालाल बेरवाल ने सभी को मकर संक्रांति और केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि डॉ. गौर द्वारा स्थापित शिक्षा के इस मंदिर में सभी उनकी भावनाओं और विचारों के अनुरूप कार्य करें. उनके अथक प्रयासों से स्थापित इस विवि से पढ़कर बहुत से छात्रों ने देश-विदेश में नाम रोशन किया है और आज भी कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि आज शिक्षा के साथ संस्कारों की भी आवश्यकता है. विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों की शिक्षा देकर उन्हें संस्कार देना भी आवश्यक है. उन्होंने विश्वविद्यालय में किये जा रहे नवाचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन प्रयासों से समाज को बहुत लाभ मिलेगा. विवि कौशल युक्त शिक्षा की दिशा में प्रयास कर रहा है. देश को विकसित बनाने की दिशा में विश्वविद्यालय अग्रणी रहेगा, युवाओं को सही दिशा मिले, विद्यार्थी चरित्रवान बनें मेरी ऐसी कामना है.

***कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संपादित पुस्तक प्रज्वलित दीपशिखा का विमोचन***

विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संपादित पुस्तक प्रज्वलित दीपशिखाः प्रो. नीलिमा गुप्ता का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया. यह पुस्तक विवि के हिंदी विभाग की अतिथि प्राध्यापक डॉ. लक्ष्मी पाण्डेय द्वारा संपादित की गई है. इस अवसर पर संपादक ने पुस्तक लिखे जाने की पूरी प्रक्रिया, अपने अनुभव और पुस्तक की सामग्री के बारे में परिचय दिया.

***वसुधैव कुटुंबकम पुस्तक का अतिथियों ने किया विमोचन***

ग्लोबल पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. मार्कंडेय राय और प्रो. सुरेन्द्र पाठक द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया. विश्वविद्यालय में स्थापित होगा शांति केंद्र, ग्लोबल पीस फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर एवं ग्लोबल पीस फाउंडेशन के साथ अकादमिक एवं शैक्षणिक समझौता संपन्न हुआ. समझौता पत्रक पर कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता एवं डॉ. मार्कंडेय राय ने हस्ताक्षर किये. इसके तहत फाउंडेशन द्वारा पीस लीडर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अन्य अकादमिक गतिविधियाँ आयोजित की जायेंगी. इस अवसर पर कुलपति ने घोषणा की कि विश्वविद्यालय में एक शांति केंद्र की शुरुआत की जायेगी.

***ईएमएमआरसी द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन, अतिथियों ने यूट्यूब चैनल गौर-प्लस किया लांच***

केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के पंद्रह वर्ष की यात्रा पर आधारित विश्वविद्यालय के ईएमएमआरसी द्वारा निर्मित वृत्त चित्र का प्रदर्शन किया गया जिसमें विवि की अधोसंरचना निर्माण से लेकर उपलब्धियों एवं अकादमिक यात्रा को दर्शाया गया है. इस अवसर पर केंद्र द्वारा निर्मित यूट्यूब चैनल गौर प्लस भी लांच किया गया. केंद्र के निदेशक डॉ. पंकज तिवारी ने बताया कि इस चैनल में विद्यार्थियों के पठन-पाठन की बहुत सी सामग्री, वृत्त चित्र, रूचि पूर्ण, मनोरंजक एवं ज्ञानप्रद सामग्री नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी.

***सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने दिया विविधता में एकता का संदेश***

विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने भारत की सांस्कृतिक विविधतापूर्ण नृत्यों के माध्यम से विविधता में एकता का संदेश दिया. छात्र-छात्राओं ने महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब सहित कई राज्यों के नृत्य का प्रदर्शन किया. प्रसिद्ध बुंदेली लोकनृत्य बधाई की भी प्रस्तुति हुई.

# मेरा शहर मेरी पहचान, स्वच्छता की गागर अपनों सागर अभियान का शुभारम्भ कल होगा




परिहार गर्जना न्यूज। सागर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मेरा शहर मेरी पहचान अंतर्गत नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से स्वच्छता की गागर अपनों सागर अभियान का शुभारंभ सूबेदार वार्ड स्थित शीतला माता तिराहा से 16 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 2 बजे नगर के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में किया जायेगा।

नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने उक्त आयोजन में समस्त नागरिकों को शामिल होने और अपने शहर को साफ-स्वच्छ, सुंदर बनाने में सहभागिता करने हेतु अपील की है । कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया।

शीतला माता मंदिर तिराहे पर ब्लैक स्पाट को खत्म कर किये गये सौन्दर्यीकरण के कार्य ने स्थानीय रहवासियों में स्वच्छता की अलख जगाई निगमायुक्त राजकुमार खत्री के मार्गदर्शन में शीतला माता मंदिर तिराहे के पास किया गया सुंदर कार्य एवं स्वच्छ वातावरण से सकारात्मक बदलाव शहरवासियों में स्वच्छता की अलख जगा रहा है । शीतलामाता मंदिर के पीछे मोंगा नाला शहर के गंदे ब्लैक स्पॉट था इसके आसपास बदबूदार कचरे के ढेर दिखाई देते थे और यहां के रहवासी व राहगीर इस वातावरण में निवास करते थे। आज जब इस नाला और इसके आसपास विकास कार्य किये गये हैं तो यहां के रहवासी बहुत प्रसन्न हैं तथा यहां के रहवासियों की जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देने लगा है ।

नगर निगम द्वारा स्वच्छता की ओर बढ़ाया गया यह कदम न केवल शहर की सुंदरता बढ़ा रहा है बल्कि स्थानीय नागरिकों में साफ-सफाई रखने हेतु जागरूकता देखने मिल रही है।

## आराध्या सोनी ने गणित मॉडल में द्वितीय स्थान और पूनम पटेल ने सामाजिक विज्ञान, इतिहास प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया उक्त दोनों छात्राएं अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगी

परिहार गर्जना न्यूज। गढ़ाकोटा। सी.एम. राइज शास, साबूलाल उ. मा. विद्यालय गढ़ाकोटा के छात्र -छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। राज्य द्वारा आयोजित विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने पूरे उत्साह के विकासखंड प्रतिभा का साथ बढ़-चढ़ कर जिला स्तर परिचय दिया । विद्यालय के 6 विद्यार्थियों में जिनमें कु. आराध्या सोनी कक्षा 7वीं, सत्यदेव वैद्य (कक्षा 8वीं), पूनम पटेल कक्षा 7 वी, मुस्कान वर्मा कक्षा 8वी, वीरेंद्र पटेल कक्षा 8 वीं, निवेदिता साहू कक्षा 8वी, का विकास खण्ड स्तर पर चयन हुआ था। इसके बाद जिला स्तर पर 2 विधार्थी आराध्या सोनी ने गणित मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और पूनम पटेल ने सामाजिक विज्ञान, इतिहास प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। अति हर्ष की बात तो यह है दोनों छात्राएं संभाग स्तर की प्रतियोगिता में शामिल हुई तो आराध्या सोनी ने गणित मॉडल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान और पूनम पटेल ने सामाजिक विज्ञान, इतिहास प्रदर्शनी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया उक्त दोनों छात्राएं अब राज्य स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगी। इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन शिक्षक निर्मल कुमार जैन, आनंद सोनी, श्रीमति ज्योति श्रीवास्तव, महक खान ने किया । प्राचार्य शिव सिंह ठाकुर, जयकांत खरे, मुन्ना लाल पटेल, हरगोविंद साहू, नरेश मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय को इन सभी छात्रों पर गर्व है एवं हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है निरंतर प्रगति करके मार्ग अग्रसर हो एवं विद्यालय का नाम रोशन करें।





# सरकारी रिवाल्वर-कारतूस समेत आबकारी टीम के 6 हमलावरों को दबोचा

## पुलिस के हाथ लगी बढ़ी कामयाबी, पृथक-पृथक 07 पुलिस टीमें रहीं सक्रिय, लूटा गया मशरुका किया पुलिस ने बरामद

सौरभ खरे

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। आबकारी टीम पर बीते दिनों किए गए हमले के बाद से अपराधियों के हौसले बुलंद बने हुए थे, वहीं कर्मचारियों में दहशत बनी हुई थी। घटना के बाद से ही पुलिस कप्तान लगातार आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई टीमों को निर्देश देने में लगे रहे और आखिरकार टीम को कामयाबी मिली। बताया गया है कि वारदात के दौरान प्रयोग किए गए हथियारों के अलावा अन्य मशरूका बरामद करने के साथ ही पुलिस ने छह आरोपियों को धर दबोचा। इस संबन्ध में पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने बताया कि 10 जनवरी 2025 को फरियादी विजय सिंह पुत्र केशरी प्रसाद चंदेल ने थाना दिगोड़ा में रिपोर्ट किया कि वह आवकारी उप निरीक्षक ब्रत्त जतारा जिला टीकमगढ़ में पदस्थ हैं। बताया गया है कि 10 जनवरी 2025 को अवैध शराब बेचने की सूचना पर ग्राम वीरऊ में संतोष यादव के घर पर रेड कार्यवाही की। इस कार्रवाई के दौरान आरोपी के घर पर अवैध शराब पाई गई, जिस पर हमारी टीम द्वारा आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही थी। जिस पर कार्यवाही से बचने के लिए आरोपी संतोष यादव, संतोष यादव की पत्नि, संतोष यादव के पिता, रिंकू यादव, जित्तू यादव एवं दो अन्य व्यक्तियों द्वारा हमारी टीम पर माँ–बहिन की गालियां एवं जान से मारने की धमकी देते हुए कट्टे, लाठी, डंडो, पत्थरों से मारपीट करने लगे तथा आरोपियों ने फरियादी की सर्विस रिवालवर, कारतूस एवं शासकीय दस्तावेज छीन लिए। जिस पर थाना दिगोड़ा में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 08/25 हत्या का प्रयास सहित लूट और अन्य बीएनएस की धाराओं के तहत धारा 296, 309(6),132, 121(1), 324(5),125,351 (3) बीएनएस का कायम किया गया।




***यह अधिकारी-कर्मचारी हुए थे चोटिल-***

अवैध शराब माफियाओं द्वारा जिन आवकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों पर हमला किया गया था, उनमें आवकारी उप निरीक्षक विजय सिंह, आरक्षक प्रहलाद प्रजापति, आरक्षक वीरेंद्र विश्वकर्मा, आरक्षक महेंद्र राय, सैनिक मान सिंह घोष, वाहन चालक देवेंद्र कुशवाहा के नाम शामिल रहे। बताया गया है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देश के बाद आरोपियों की तलाश के लिए टीमें तक गठित की गई। उक्त घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के मार्ग दर्शन में एसडीओपी जतारा के नेतृत्व में आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु पुलिस की 7 टीमें गठित की गई।

***छापामारी के बाद मिली कामयाबी-***

गठित पुलिस टीमों द्वारा मुखविर एवं साइबर सेल की सहायता से लगातार आरोपियों के मिलने के स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जिन छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनमें रिंकू पिता संतू उर्फ संतोष यादव उम्र 29 साल, संतू उर्फ संतोष यादव पिता खुशीराम यादव उम्र 52 साल, महेश पिता स्व. भैया लाल विश्वकर्मा उम्र 23 साल, श्रीमति वीरवती पति संतू उर्फ संतोष यादव उम्र 48 साल, खुशीराम उर्फ बड़े पिता स्वर्गीय भैयालाल यादव उम्र 72 साल सभी निवासीयान ग्राम वीरऊ थाना दिगौडा जिला टीकमगढ़ एवं बृजनाथ उर्फ लाल सिंह कुशवाहा पिता परमानन्द कुशवाहा उम्र 23 साल निवासी मनिया थाना पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी के नाम शामिल हैं।

***कट्टा-कारतूस जब्त-***

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कट्टा–कारतूस सहित अन्य मशरूका जप्त किया है। बताया गया है कि गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने लूटी गयी एक सरकारी रिवाल्वर मय 5 राउण्ड कारतूस, बैग व दस्तावेज, सब इंस्पेक्टर साहब के स्टार फ्लैग एवं घटना में प्रयुक्त एक 315 बोर का कट्टा मय दो जिन्दा कारतूस के, तीन लाठी व पत्थर जप्त किये गये है।

***रंग लाई इनकी मेहनत-***

उक्त कार्रवाई में जिले के अनेक थाना प्रभारियों एवं कर्मचारियों ने जी–तोड़ मेहनत कर यह सफलता हासिल की। जिन पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई, उनमें थाना दिगोड़ा, थाना लिधौरा, थाना मोहनगढ़, थाना जतारा, थाना बमोरी कला, थाना चंदेरा एवं चौकी जेवर व चौकी कनेरा, साइबर सेल स्टाफ, एसडीओपी कार्यालय स्टाफ जतारा की अहम भूमिका रही। पलिस कप्तान की लगातार बनी रही सक्रियता के परिणाम स्वरूप ही पुलिस को बढ़ी कामयाबी हासिल हो सकी। इस कार्रवाई के बाद ही आबकारी टीम को भी राहत मिल सकी है।

### दिन दहाड़े शहर के एक होटल में चली गोली, फैली सनसनी-

# प्रेम नहीं चढ़ा परवान, तो सनकी प्रेमी ने लेना चाही प्रेमिका की जान

## नगर निरीक्षक पंकज शर्मा ने की त्वरित कार्रवाई, आरोपी दबोचा

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। प्यार में कुरबान होना तो पहले भी सुना था, लेकिन अब जैसे जैसे जमाना बदल रहा है, रीति भी बदलने लगी है। मंगलवार को एक प्रेमी न यहां अपनी ही प्रेमिका की जान लेना चाही। अब तक यह नहीं पता चला है कि सनकी प्रेमी का प्रेम एक तरफा रहा कि दो तरफ से बराबर रहा। यह तो जांच के बाद ही सामने आ सकेगा। यहां बीते रोज मंगलवार को सामने आए मामले ने प्रेम की परिभाषा ही बदल दी। प्रेमी का प्रेम परवान नहीं चढ़ा, तो उसने कट्टे से प्रहार कर अपनी प्रेमिका की ही जान लेना चाही। यहां के बाला जी होटल में अचानक चली गोली के बाद आसपास के इलाके में ही नहीं बल्कि शहर में सनसनी फैल गई। नगर निरीक्षक पंकज शर्मा सहित पुलिस टीम की मुस्तैदी का परिणाम यह हुआ कि हत्या करने की मंशा से गोली चलाने वाला आरोपी कपिल तिवारी मौके से भागने में कामयाब नहीं हो सका। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई आरंभ कर दी है। एक ओर जहां सारा शहर मकर संक्रांति की खुशी में डूबा हुआ था, वहीं दूसरी ओर एक सनकी युवक ने अपने प्रेम को परवान चढ़ता न देख हत्या जैसी वारदात को अंजाम देने का मन बना डाला। युवती पर दिन दहाड़े ही कट्टे से गोली मार दी। व्यस्ततम इलाके में हुए गोली कांड के बाद सारे इलाके में दहशत फैल गई। रेस्टोरेंट में हुई घटना के बाद जैसे ही आरोपी लोगों में दहशत फैलाते हुए भागने लगा कि मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारी ने लोगों की मदद से आरोपी को दबोचने में कामयाबी हासिल की और कोतवाली लाया गया। बताया गया है कि नगर के सिविल लाइन रोड पर रेस्टोरेंट में लडकी को गोली मारने के मामले में घटना के 24 घंटे बाद एक नया वीडियो सामने आया है। रेस्टोरेंट के अंदर गोली लगने के बाद लडकी करीब 20 मिनट तक कुर्सी पर बैठी रही। इस दौरान उसके सीने से लगातार खून बहता रहा। करीब 20 मिनट बाद मौके पर मौजूद लोग टैक्सी से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया है कि शहर के ईदगाह के पास स्थित एक बालाजी रेस्टोरेंट में मंगलवार को निकटवर्ती ग्राम मामोन निवासी कपिल तिवारी नामक युवक ने कट्टे से युवती को गोली मार दी थी। दोनों साथ रेस्टोरेंट पहुंचे थे और चाऊमीन पैक कराने का ऑर्डर दिया था। इस दौरान युवक अपने साथ सिंदूर लेकर गया था। उसने लडकी से शादी करने का प्रस्ताव रखा और मांग भरने के लिए कहाए लेकिन लडकी ने शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया। गुस्से में आकर कपिल तिवारी ने देसी कट्टा निकालकर पहले हवाई फायर किया। इसके बाद दूसरी गोली युवती के सीने में मार दी। जिससे रेस्टोरेंट में मौजूद लोगों ने गोली की



आवाज सुनी तो भगदड़ मच गई। इस दौरान कपिल ने युवती को फिर से मारने का प्रयास कियाए लेकिन कुछ लोगों ने कपिल को धक्का देकर बाहर कर दिया।

***झांसी से दिल्ली किया गया रेफर***

नगर के बाला जी रेस्टोरेंट के अंदर दोपहर ढाई बजे के लगभग हुए गोली कांड के दौरान युवती गंभीर हालत में कुर्सी पर बैठी रही। जिसके बाद घायल युवती को मंगलवार को जिला अस्पताल से झांसी रेफर किया गया था। चेकअप के बाद झांसी के डॉक्टर सचिन ने बताया किए लडकी के सीने में लगी गोली खिसक कर पेट में पहुंच गई है। झांसी में ऑपरेशन के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं नहीं है। जिसके चलते मंगलवार देर रात उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया। लडकी को दिल्ली के गंगा राम हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है। पुलिस आरोपी कपिल तिवारी के पास अवैध देसी कट्टा कहां से आयाए इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि अरोपी कपिल तिवारी निवासी मामौन के खिलाफ पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए धारा 109,296,351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

***चार साल पहले खरीदा था कट्टा-***

कोतवाली थाना प्रभारी पंकज शर्मा ने बताया कि आरोपी युवक ने बताया है कि करीब 4 साल पहले उसने अवैध कट्टा खरीदा था। उसने जो नाम बताया है, फिलहाल उसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। अवैध कट्टा बेचने वालों का भी पता लगाया जा रहा है।

***वारदात के 24 घंटे बाद सामने आया***

***नया वीडियो-***

टीकमगढ़ के सिविल लाइन रोड पर रेस्टोरेंट में लडकी को गोली मारने के मामले में घटना के 24 घंटे बाद एक नया वीडियो सामने आया है। रेस्टोरेंट के अंदर गोली लगने के बाद लडकी करीब 20 मिनट तक कुर्सी पर बैठी रही। इस दौरान उसके सीने से लगातार खून बहता रहा। करीब 20 मिनट बाद मौके पर मौजूद लोग टैक्सी से उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया गया है कि शहर के ईदगाह के पास स्थित बालाजी रेस्टोरेंट में मंगलवार को कपिल तिवारी नामक युवक ने कट्टे से युवती को गोली मार दी थी। दोनों साथ रेस्टोरेंट पहुंचे थे और चाऊमीन पैक कराने का ऑर्डर दिया था। इस दौरान युवक अपने साथ सिंदूर लेकर गया था। उसने लडकी से शादी करने का प्रस्ताव रखा और मांग भरने के लिए कहा, लेकिन लडकी ने शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया। गुस्से में आकर कपिल तिवारी ने देसी कट्टा निकालकर पहले हवाई फायर किया। इसके बाद दूसरी गोली युवती के सीने में मार दी। जिससे रेस्टोरेंट में मौजूद लोगों ने गोली की आवाज सुनी तो भगदड़ मच गई। इस दौरान कपिल ने युवती को फिर से मारने का प्रयास किया, लेकिन कुछ लोगों ने कपिल को धक्का देकर बाहर कर दिया।

# कलयुग में भगवान राम का सच्चे मन से नाम लेने से भव सागर पार हो जाता है:-प्रभा शंकर जी महराज




**ऋषि मिश्रा**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/इस कलयुग में अनाचार, अत्याचार, लगातार बड़ रहे है, लोगो के पास धन, वैभव, शुख, सुविधाए बहुत है, लेकिन संस्कार, सम्मान, मर्यादा, धर्म, सत्य धीरे धीरे कम होता जा रहा है, जिसके कारण आम लोग परेशान है, जबकी कलयुग में भगवान राम का सच्चे मन से नाम लेने पर ही भव सागर से पार किया जा सकता है। लेकिन लोगो के पास समय का बहुत आभाव है और लोग धन वैभव कमाई के चक्कर मे भगवान का नाम भी सच्चे मन से नहीं ले पाते है, उक्ताश्य के सुन्दर विचार श्री राम कथा वाचक पंडित प्रभाकर शास्त्री जी महराज नें श्री भोलेनाथ जी मंदिर जिला चिकित्सालय के सामने चल रहीं प्रथम दिवस बैठकी की कथा के दौरान व्यक्त किये। उन्होने आंगे बताया कि मनुष्य अपने लिए तन, मन, धन, मांगता है, लेकिन वह भूल जाता है कि जो हम मांग रहे है, उसका सही ढंग से पालन नहीं कर पा रहे है। हमे अच्छा तन, हमारे माता पिता के द्वारा दिया जाता है, लेकिन मनुष्य माता पिता का उपकार उनकी सेवा करना भूल जाता है। अच्छा मन तभी होता है, जब आप गुरू का सम्मान करें, गुरू द्वारा बताये गये रास्ते पर चलें, धर्म अध्यात्म का पालन करें, समाज के लोगो की भलाई करें, तथा अपना मन अच्छे कर्मो में लगायें, तो आप का मन हमेशा अच्छा रहेगा। इसी प्रकार धन वैभव का सही सद्पयोग करें, जिससे हमेशा आपकी धन की बृद्धि होगी तथा समाज में सम्मान मिलेगा। उन्होने बताया कि इंसान पैदा होते ही मूर्ख या गुणी नहीं होता है, यह उसके अच्छे कर्मो के द्वारा संभव है, यदि मनुष्य अच्छे कर्म करेगा तो वह अच्छा बनेगा, माता पिता, अच्छे कुल खानदान के होने के बावजूद यदि व्यक्ति के कर्म खराब होगें तो वह बर्बाद हो जायेगा, एवं अच्छा कर्म करेगा तो हमेशा उसका नाम यश माता पिता का नाम भी उंचा रखेगा। उन्होने आंगे कहा कि मनुष्य का जीवन 84 लाख योनियो के बाद अच्छे सतकर्म करने के लिए मिलता है, इस लिए इस जीवन को हमेशा सही रास्ते पर चल कर पूरा करने का प्रयास करें। मनुष्य का जीवन एक युद्ध की तरह है, सुबह से लेकर शाम तक उसे युद्ध करना पड़ता है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो, इस लिए अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए सही दिशा में ही युद्ध करने का प्रयास करें।

# बेयर हाउस में धान की चोरी करने वाले आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/जिले के देवेन्द्र थाना अन्तर्गत बड़ा गांव वेयर हाउस से 16 क्विंटल धान चोरी करने वाले छह आरोपीयो को देवेन्द्र नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। मामले के संबंध में 13 जनवरी को फरयिदी जमुनादीन कुशवाहा पिता मरियाँ कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी बड़ागाँव थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना म.प्र. का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट किया कि मैं करीब 150 बोरी धान लगभग 16 क्विंटल तोलाई के दौरान चोरी की गई है। उक्त शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। फरियादी के अनुसार उसने बताया कि दस जनवरी को तोलाई के लिए हमारे द्वारा धान रखी गई थी, लेकिन नम्बर न आने से उक्त धान नहीं तोली गई, 12 जनवरी को रात्रि के समय त्रिपाल ढाक कर घर चले गये थें, तथा दूसरे दिन 13 जनवरी को जब हम लोग पंहुचे तो उक्त धान की बोरिया, नहीं पाई गई। जिस पर पुलिस द्वारा आरोपीयो के खिलाफ अपराध धारा 331 (4), 305 के तहत मामला कायम किया गया। तथा देवेन्द्र नगर थाना प्रभारी द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जांच पड़ताल शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने छह आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया। जिसमें राजकुमार कुचवधिया पिता हजारी कुचवधिया उम्र 32 वर्ष निवासी रेस्ट हाउस के पास कुचवधिया मोहल्ला बड़ागाँव थाना देवेन्द्रनगर, शिवा कुचवधिया पिता आकाश कुचवधिया उम्र 20 वर्ष निवासी रेस्ट हाउस के पास कुचवधिया मोहल्ला बड़ागाँव थाना देवेन्द्रनगर, विकास कुचवधिया पिता अजय कुचवधिया उम्र 21 वर्ष निवासी रेस्ट हाउस के पास कुचवधिया मोहल्ला बड़ागाँव थाना देवेन्द्रनगर, अभिषेक कुचवधिया पिता अमर सिंह कुचवधिया उम्र 19 वर्ष निवासी रेस्ट हाउस के पास कुचवधिया मोहल्ला बड़ागाँव, शेख मोहम्मद पिता शेख नत्थू उम्र 55 वर्ष निवासी कुँवरपुर थाना सिमरिया जिला पन्ना म.प्र. हाल निवासी बंधा के पास बड़ागाँव, भूरा उर्फ गुस्ताज मोहम्मद पिता अलफू मोहम्मद उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्र.5 बंधा के पास देवेन्द्रनगर उक्त आरोपीयो से चोरी की गई धान भी बरामद की गई। आरोपीयों को न्यायालय में पेंश किया गया। न्यायालय द्वारा सभी आरोपीयो को जेल भेज दिया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी.रामहर्ष सोनकर, प्रआर रामकरण प्रजापति, धीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, आदित्य कुशवाहा, बाबूलाल प्रजापति, आरक्षक दिलीप शर्मा, भरत पाण्डेय, रोहित अहिरवार, आशीष बुनकर, महिला आरक्षक प्रियंका सिंह, अंशिका सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## यातायात सप्ताह के दौरान यातायात नियमो का प्रचार प्रसार करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/सड़क परिवहन एंव राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार व पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के निर्देशन पर सड़क सुरक्षा जागरूकता माह 2025 का आयोजन किया जा रहा है, इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना एस.पी.सिंह बघेल के दिशा निर्देशन में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। यातायात नियमो का आम जनो तक प्रचार प्रसार करने के लिए यातायात रथ को पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तथा नगर में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान रक्षित निरीक्षक खिलावन सिंह कवर, थाना प्रभारी कोतवाली रोहित मिश्रा, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक नीलम लक्षकार, सूबेदार संजय सिंह जादौन एँव जिला पुलिस बस व यातायात पुलिस के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**दयाशंकर दीक्षित**

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कोतवाली थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनोर में स्थित खेर माता मंदिर के पास एक तीस वर्षीय युवक की फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिये है। जिसकी जानकारी दूसरे दिन परिजनो को मिली है। जानकारी के अनुसार आगरा मोहल्ला निवासी कल्लू रैकवार पिता रज्जू रैकवार उम्र 30 वर्ष 14 जनवरी को शांयकाल के समय घर से खेर माता मंदिर दर्शन करने के लिए गया था, लेकिन वह रात्रि के समय भी वापिस नहीं लौटा परिजनो द्वारा उसको अनेक स्थानो पर ढूड़ा गया, लेकिन वह नहीं मिला दूसरे दिन पन्द्रह जनवरी को म्रतक का शव पेड़ से लटकते हुए पाया गया। जिसकी जानकारी कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटना स्थल पंहुचकर पंचनामा बनाया तथा शव को पीएम के लिए शव विच्छेदन ग्रह में रखा गया है, कल्लू अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था, उक्त घटना से परिजनो का बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस नें मर्ग कायम करते हुए विवेचना की जा रही है।

## पन्ना सतना मार्ग बहेरा के पास तेज रफ्तार कार पलटी, आधा दर्जन से अधिक घायल



परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/बीति रात्रि प्रयागराज कुंभ स्नान करके छतरपुर जिले के बक्सहा निवासी आधा दर्जन से अधिक लोग कार से वापिस आ रहे थे, उसी दौरान बहेरा के पास अनियंत्रित हो कर कार पलट गई, जिसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही घायलो को जिला अस्पताल पंहुचाया गया है। जहां पर संबंधितो का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना घायलो के परिजनो को दी गई, सूचना मिलते ही परिजन भी जिला चिकित्सालय पन्ना पंहुच गयें है। फिलहाल सभी का ईलाज चल रहा है।

## हनुमान जी मंदिर गंज में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण

**बैठकी के दौरान हजारो की संख्या में लोग रहे उपस्थित**




परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/गुनौर तहीसल अन्तर्गत ग्राम गंज मे हनुमान जी मंदिर बसुआ तालाब के पास श्रीमद् भागवत कथा की बैठकी एवं प्राण प्रतिष्ठि 15 जनवरी से प्रारंभ हो गई है। कलश यात्रा के बाद भागवत कथा प्रारंभ हुई, उक्त कथा का वाचन पंडित श्री शंखप्राणी गर्ग शास्त्री जी महराज द्वारा की गई है। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि 16 जनवरी को कपिल अवतार, ध्रुव चरित्र, सती जड़ भरत, की कथा संपन्न होगी। 17 जनवरी को अजामिल प्रहलाद चरित्र, 18 जनवरी को श्री कृष्ण जन्मोत्सव, 19 जनवरी को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन तथा गोवर्धन लीला 20 जनवरी को रास लीला रूकमणि विवाह, 21 जनवरी को श्री सुदामा चरित्र, पारिक्षित मोक्ष, तथा 22 जनवरी को भंडारा संपन्न होगा। आयोजक मंडल नें सभी श्रद्धालूजनों से धार्मिक कथा में शामिल हो कर पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## गर्भवती महिला को रक्तदान कर बचाई जान कोमी एकता की मिशाल को किया कायम

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के देवेंद्र नगर निवासी सलमान मोहम्मद की धर्मपत्नी श्रीमती समा परवीन उम्र 23 वर्ष को ए पॉजिटिव खून की अत्यंत जरूरत थी। महिला के पति सलमान मोहम्मद एक माह पूर्व खून दान कर चुके थे, जो की दोबारा खून दान करने में सक्षम नहीं थे। उनके घर परिवार रिश्तेदार से कोई भी सदस्य खून देने के लिए जिला अस्पताल पन्ना नहीं पहुंच पा रहा था। जिससे महिला की हालत नाजुक बनी हुई थी और महिला का सीजर ऑपरेशन होना था।। तभी पति सलमान खान द्वारा पन्ना जिले के समाजसेवी राम बिहारी गोस्वामी को दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी गई। श्री गोस्वामी ने सोशल मीडिया पर संदेश प्रसारित किया जैसे ही संदेश धाम मोहल्ला निवासी कदीर खान ने पढ़ा उन्होंने अपने सभी मित्र मंडली को जानकारी दी। धाम मोहल्ला निवासी विपेंद्र शर्मा पिता स्वर्गीय महेंद्र कुमार शर्मा उम्र 41 वर्ष को जब जानकारी प्राप्त हुई की जच्चा और बच्चा का जीवन खतरे में है, तो वह अपने सारे निजी काम छोड़कर जिला अस्पताल पंहुचे तथा उन्होने स्वेच्छा से जरूरतमंद महिला को रक्तदान किया। इस दौरान श्री शर्मा ने कोमी एकता की मिशाल कायम की है। जिसकी लोगो द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

# भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने किए श्री जागेश्वर नाथ और श्री बडे बाबा के दर्शन

## जिला भाजपा कार्यालय में आज होगा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। भारतीय जनता पार्टी दमोह के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने नियुक्ति पर सर्वप्रथम बुधवार को दीनदयाल पार्क स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उसके पश्चात श्री जागेश्वर नाथ प्रभु के दर्शन और जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया तदुपरांत कुण्डलपुर स्थित श्री बडे बाबा के दर्शन किए दर्शन की इस कडी में निवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष के साथ निर्वतमान जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर, बांदकपुर मंडल अध्यक्ष बृजेश सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रिंस जैन, रिंकू गोस्वामी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

***जिला भाजपा कार्यालय में आज होगा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत***

भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का भव्य स्वागत दिनांक 16 जनवरी दिन गुरूवार को जिला कार्यालय में दोपहर 12 बजे होगा। स्वागत कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण, सभी मंडलों के अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं संपूर्ण जिले के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता की उपस्थिति रहेगी।

# उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज की दमोह में हुई मंगल अगवानी

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह। परम पूज्य उपाध्याय विरंजन सागर जी महाराज का 15 जनवरी को दमोह में मंगल प्रवेश हुआ। परम पूज्य गुरुदेव सागर नाका जैन मंदिर में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय आयोजन में सम्मिलित होने के लिए दमोह पहुंचे हैं। परम पूज्य उपाध्याय श्री की आहारचार्य जबलपुर नाका जैन मंदिर में संपन्न हुई। वहां के बाद दोपहर में सागर नाका जैन मंदिर परिवार के साथ सकल जैन समाज दमोह के द्वारा उनके मंगल अगवानी करने के लिए किल्लाई नाका से एक विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस किल्लाई नाका, तीन गुल्ली से होते हुए सागर नाका स्थित सद्गुआं जैन मंदिर पहुंचा। जहां पर परम पूज्य गुरुदेव ने मंदिर में प्रवेश किया। यहां पर मौजूद भक्तों के बीच उन्होंने मंगल प्रवचन के माध्यम से सद्गुआं जैन मंदिर के निर्माण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। अपने प्रवचनों के माध्यम से उन्होंने सद्गुआं जैन मंदिर के हुए पंचकल्याणक महोत्सव को याद किया। साथ ही उनकी मुनि दीक्षा भी दमोह में हुई थी और उस क्षण को भी उनके द्वारा याद किया गया। भक्तों के द्वारा तालियां बजा करके इस बात का समर्थन किया गया। विरंजन सागर जी महाराज के अलावा तीन और मुनिराज तथा दो माताजी संघ में पधारी है। सभी का मंगल स्वागत सकल जैन समाज दमोह के द्वारा किया गया। जगह-जगह उपाध्याय श्री का पाद प्रक्षालन किया गया तो वहीं श्री दिगंबर जैन पंचायत





श्री जैन औषधालय समिति सहित जैन समाज के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी के द्वारा उपाध्याय श्री की मंगल अगवानी की गई। प्रवचनों के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति रही। साथ ही आगामी 18, 19 एवं 20 तारीख को होने वाले तीन दिवसीय आयोजन की विस्तार से जानकारी भी दी गई।

# कर्मचारियों के समग्र आईडी आईएफएमआईएम (IFMIS) से मैप कराना सुनिश्चित किया जाये

दमोह 15 जनवरी। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा आईएफएमआईएस (IFMIS) अंतर्गत कर्मचारी कोड में समग्र आईडी मैप किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा उक्त कार्य 07 दिवस में सुनिश्चित किया जायेगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा समस्त कर्मचारियों के समग्र आईडी आईएफएमआईएम (IFMIS) से मैप कराना सुनिश्चित किया जाये।

# कलेक्टर श्री कोचर ने किया समस्त कार्यालयों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त घोषित

## आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर कार्यक्रम आयोजित करने वाले विभाग प्रमुख के विरूद्ध अपर कलेक्टर करेंगी नियमानुसार कार्यवाही

दमोह 15 जनवरी। मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के आदेशानुसार मध्यप्रदेश शासन के समस्त कार्यालयों को सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त घोषित किया गया है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रथम चरण में कार्यालय कलेक्टर (रानी दुर्गावती संयुक्त कार्यालय) दमोह में संचालित समस्त कार्यालयों (शाखाओं) एवं संपूर्ण परिसर में प्लास्टिक के कप/प्लेट, प्लास्टिक ग्लास, प्लास्टिक के चम्मच, चाकू/कांटा (फोर्कस), प्लास्टिक के कैरी बैग्स, प्लास्टिक के झंडे, प्लास्टिक के बाट्ल्स/पानी के पाऊच, नारियल पानी अथवा अन्य पेय पदार्थ पीने वाला प्लास्टिक पाईप (स्ट्रा) एवं गुटखे के पैकेट्स आदि सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री का उपयोग तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया हैं।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कार्यालय कलेक्टर (रानी दुर्गावती संयुक्त कार्यालय) दमोह में संचालित समस्त कार्यालयों (शाखाओं) में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, बैठकों इत्यादि में प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर कार्यक्रम आयोजित करने वाले विभाग (कार्यालय) प्रमुख के विरूद्ध अपर कलेक्टर दमोह नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। कार्यालय कलेक्टर (रानी दुर्गावती संयुक्त कार्यालय) दमोह में प्रतिबंधित सामग्री का व्यक्तिगत उपयोग करते पाये जाने पर प्रभारी अधिकारी जिला नाजरात शाखा नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही करायेंगे।

कार्यालय कलेक्टर (रानी दुर्गावती संयुक्त कार्यालय) दमोह में संचालित समस्त कार्यालयों (शाखाओं) में जिला नाजिर सूचित कराते हुये कार्यालय परिसर में प्रतिबंधित सामग्री के संबंध में कार्यालय के प्रमुख स्थानों पर पोस्टर/बैनर लगवायेंगे। आदेश का पालन परिपालन कार्यालय कलेक्टर (रानी दुर्गावती संयुक्त कार्यालय) दमोह में संचालित समस्त कार्यालयों (शाखाओं) के प्रभारी अधिकारी कड़ाई से कराना सुनिश्चित करेंगे।

# एमपी ऑनलाईन के माध्यम से सात दिवस के भीतर पंजीयन की कार्यवाही की जाये

## उल्लंघन करने पर जुर्माने तथा 3 माह तक के कठोर कारावास का प्रावधान, नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिकल्स स्थापनाएं का बिना पंजीयन संचालन एक अतिगंभीर अपराध

दमोह 15 जनवरी। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत निजी क्षेत्र के समस्त नर्सिंग होम/निजी चिकित्सालय/परामर्श केन्द्र/औषधालय/योगशाला /एक्सरे/डेन्टल क्लीनिक सहित सभी क्लीनिकल इस्टेब्लिशमेन्ट्स के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के संबंध में म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं (रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन 1997) यथा संशोधित तिथि 17 जनवरी 2007 एक्ट की धारा 3 के तहत समस्त नर्सिंग होम्स (जहां पर मरीज भर्ती होते है ) समस्त क्लीनिक स्थापनाएं (पैथालाजी लैब/एक्सरे लैब/डियोथैरपी लैब/सी.टी. स्कैन/सोनोग्राफी लैब) एवं आयुर्वेदिक होम्योपैथी/यूनानी चिकित्सा संबंधी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा चलाये जाने वाली क्लीनिक का एमपीऑनलाइन किस्योक के माध्यम से पंजीयन एवं लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मुकेश जैन ने कहा है प्रक्रिया हेतु विभागीय वेबसाइट www.health.mp.gov.in के माध्यम से या एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से नागरिक सेवाओं में जाकर म.प्र. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आइकॉन पर क्लिक कर किस्योक के माध्यम से अपना आवेदन दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने कहा जिन संबंधित संस्थाओ द्वारा पंजीयन की कार्यवाही अभी तक संपन्न नहीं की गई हो, एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से सात दिवस के भीतर संपन्न करायें। पंजीयन नहीं कराने वालों के विरूद्ध अधिनियम के तहत उक्त धारा-3 के उल्लंघन करने पर अधिनियम -1973 की धारा -8 (क) (एक) तथा (दो) के अंतर्गत जुर्माने तथा 3 माह तक के कठोर कारावास का प्रावधान है।

इसके अलावा अपात्र एवं अपंजीकृत व्यक्तियों द्वारा ऐैलोपैथी चिकित्सा पद्धति में चिकित्सा व्यवसाय करने पर म.प्र. मेडिकल काउंसिल एक्ट 1987 धारा 24 के अंतर्गत 3 वर्ष तक के कठोर कारावास तथा 5 हजार रूपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा इस बात का ध्यान रखा जाये कि नर्सिंग होम्स एवं क्लीनिकल्स स्थापनाएं का बिना पंजीयन संचालन एक अतिगंभीर अपराध है। निरीक्षण या छापामार कार्यवाही के दौरान पंजीयन संबंधी दस्तावेज न पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। सभी से पूर्ण सहयोग एवं सावधानी वांछनीय है।

# कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत मिशन स्कूल दमोह में विद्यार्थियों को नवीन आदर्श महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं और संचालित कोर्सेज के बारें में दी गई विस्तार से जानकारी

दमोह। शासकीय नवीन आदर्श (मॉडल) महाविद्यालय दमोह के द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत मिशन स्कूल दमोह का भ्रमण किया गया, जिसमें 12 वी के विद्यार्थियों को नवीन आदर्श महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधायें, इंफ्रास्ट्रक्चर, नवीन शिक्षा नीति एवं कॉलेज में संचालित कोर्सेज के बारें में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर मॉडल कॉलेज से कॉलेज चलो अभियान के प्रभारी डॉ सत्येन्द्र नाथ गुप्ता एवं शैलेन्द्र साहू, मिशन स्कूल के स्टाफ एवं 12 वी के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

# खुलासा: गैंग मथुरा में बना रहा था बोर्ड, विश्वविद्यालयों की 'फर्जी डिग्री'

## -वसूली जाती थी मोटी रकम, फर्जी शैक्षिक प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा फर्जीवाड़े का जिक्र एक बार फिर बोतल निकल आया है। थाना कोतवाली पुलिस ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्कशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के सरगरा सहित पांच जालसाजों को फर्जी मार्कशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं प्रयुक्त इलैक्ट्रानिक उपकरण सहित गिरफ्तार किया है। विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्केशीट, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के पांच अभियुक्तों मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम पुत्र रामकिशन निवासी पुराना किला थाना हुसैनगंज जिला लखनऊ, मुकेश पुत्र देवी सिंह निवासी ग्राम चुरमुरा थाना फरह, सुरेश चन्द्र पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी बसई थाना शेरगढ़, ॠषि पुत्र हरिओम निवासी ग्राम दलौता थाना शेरगढ़, रामप्रकाश गौतम पुत्र सत्यप्रकाश गौतम निवासी पुष्प बिहार कालोनी थाना गोविन्दनगर जिला मथुरा को बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान से समय करीब 21.30 बजे गिरफ्तार किया गया। मौके से एक अन्य साथी विक्रम सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी बसई थाना शेरगढ़ जिला मथुरा भागने में सफल रहा। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों से शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने में प्रयुक्त उपकरण व कई फर्जी मार्कशीट व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद हुये। अभियुक्तों के विरूद्ध बरामदगी के आधार पर धारा 61(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस के तहत पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

***गैंग ऐसे कर रहा था काम***

युवाओं की तलाश कर संपर्क स्थापित करके सम्बन्धित विश्वविद्यालयों, शिक्षा बोर्डो से अलग अलग रेट तय कर वार्षिक दर से फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र, अंकतालिका, टीसी तैयार करते थे। तफर्जी तरीके से उनको शैक्षिक अंकपत्र, टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र प्रदान कर मोटी रकम वसूलने का कार्य करते थे। जिनके अन्तर्गत कुछ विश्वविद्यालय, बोर्ड भी संलिप्त होते थे। उनके विरूद्ध भी कार्यवाही अलग से प्रचलित है। इस कार्य के लिए प्रत्येक युवा से एक फर्जी मार्कशीट, अंकपत्र के लिए के लिए 5000 से 45000 तक की रकम बसूलते थे। जिसका आधा हिस्सा ये लोग यूनिवर्सिटी को भी देते थे।

***लखनऊ के बाद मथुरा को बनाया ठिकाना***

अभियुक्त मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम पुत्र रामकिशन निवासी पुराना किला थाना हुसैनगंज जिला लखनऊ उम्र करीब 60 वर्ष गिरोह का मुख्य सरगना है। कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की मथुरा शहर में फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का एक सदस्य गोवर्धन चौराहे पर किसी ग्राहक की तलाश में खड़ा है। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गोवर्धन चौराहे से अभियुक्त मुकेश पुत्र देवीराम निवासी ग्राम चुरमुरा थाना फरह जिला मथुरा को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से दो फर्जी मार्कशीट व एक मोबाइल बरामद हुआ।

***किराये के मकान में लगा रखा था सैटअप***

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त मुकेश से कड़ाई से पूछताछ की गई तो बताया कि हमारा एक फर्जी मार्कशीट बनाने का गिरोह है। हम लोगों ने बजरंग धर्मकांटा के पास एक निजी मकान किराये पर ले रखा है। जिसमें पूरा फर्जी मार्कशीट बनाने का सेटअप लगा रखा है तत्पश्चात कोतवाली पुलिस द्वारा बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान में से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मनीष प्रताप सिंह उर्फ मांगेराम गैंग का सरगना है जिसके द्वारा अलग अलग राज्यों के शिक्षा बोर्डो व विश्वविद्यालयों के नाम से फर्जी मार्कशीट व टीसी. व अन्य शैक्षणिक प्रमाण पत्र कंप्यूटर पर सॉफ्टवेयर के माध्यम से बनाने का कार्य किया व कराया जाता है और इससे मोटी रकम वसूली जाती है। मनीष कुछ दिन पूर्व अपने साथियों के साथ लखनऊ में कर रहा था लेकिन पुलिस द्वारा साथियों को पकड़ लिया गया था।

***ये हुई बरामदगी***

शैक्षिक प्रमाण पत्र से सम्बन्धित कूटरचित व जाली अंक तालिका कुल 17 वर्क, फर्जी टीसी शैक्षिक दस्तावेज कुल 13 वर्क, एक पेपर कटिंग मशीन, एक लैपटाप, एक प्रिंटर मशीन, 15 नोटबुक रजिस्टर जिन पर भिन्न भिन्न बोर्ड व कोर्स के नाम मय विद्यार्थियों के नाम व रोल नम्बर के साथ अंकित हैं। नौ पीले लिफाफे बड़े आदि बडी मात्रा में सामान बरादम किया है। मनीष प्रताप सिंह के विरूद्ध करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# मथुरा में मनाया गया पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन



परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती जी के 69 वे जन्मदिन को जन कल्याणकारी दिवस के रूप में ईंट मण्डी लक्ष्मी नगर जनपद मथुरा में मनाया गया मुख्य अतिथि के रूप में पधारे पूर्व मंत्री व आगरा मंडल प्रभारी अजय सील गौतम जी ने बहन कुमारी मायावती जी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते हुए कहा जब बहन जी की सरकार थी जन कल्याणकारी योजना के द्वारा सर्व समाज के लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया जैसे काशीराम आवास योजना अंबेडकर ग्राम विकास योजना के तहत सड़क शिक्षा सुरक्षा और चिकित्सा जैसे विभागों में लाभ पहचाने का भी काम किया और पंचायत राज विभाग यूपी पुलिस और भी अन्य विभागों में भर्ती निकाल करके सर्व समाज के लोगों को रोजगार देने का काम किया आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में बहन कुमारी मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प भी लिया विशिष्ट अतिथि आगरा मंडल प्रभारी दारा सिंह आजाद मण्डल ने बताया जब बहन कुमारी मायावती की सरकार थी तो कानून का राज कानून के द्वारा स्थापित था बहन बेटियां स्कूल तक निडर जाती थी आज भी लोग बहन जी की सरकार को याद करते हैं मण्डल प्रभारी संजय गुर्जर मण्डल प्रभारी राजाराम निगम यह जानकारी जिलाध्यक्ष सत्य प्रकाश कर्दम जी ने दी जिला प्रभारी गोवर्धन जिला प्रभारी ओमप्रकाश बघेल जिला प्रभारी डॉ. अमर सिंह जिला प्रभारी महेश फालेन जिला उपाध्यक्ष नवल किशोर शर्मा जिला महासचिव चौधरी हरी सिंह कोषाध्यक्ष डॉ राज पूर्व जिलाध्यक्ष हेमेंद्र कुमार पूर्व विधायक प्रत्याशी बलदेव अशोक कुमार सुमन पूर्व विधायक प्रत्याशी प्रेमचंद कर्दम जिला कार्यकारिणी मुख्यियार सिंह गौतम रामबाबू गौतम पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र सिंह पूर्व प्रभारी महेंद्र पाल सिंह विधानसभा प्रभारी बनवारी लाल छिनपाराई कुंदन सिंह बघेल उदयवीर सिंह राजेश बघेल डॉ गिरधर सिंह आनंद गोला अमित कुमार गौतम विधानसभा अध्यक्ष निरंजन सिंह बनवारी लाल कोलाना बबलू कुमेरिया डॉक्टर सुरेश चंद चौधरी वीरेंद्र सिंह परिहार प्रेम सिंह युवा बसपा नेता मोर मुकुट कर्दम चौहल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा संगठन के नए जिला अध्यक्ष के लिए संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया, प्रस्तावक समर्थक के हुए हस्ताक्षर

## बैठक में वर्तमान जिला टीम के कार्य की हुई प्रशंसा, नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का हुआ स्वागत

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी में संगठन पर्व के तहत चल रहे जिला अध्यक्ष की निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मध्यप्रदेश के संगठनात्मक 60 जिलों में से 32 जिलों में जिला अध्यक्ष नियुक्त किये जा चुके हैं जिसमें सागर संभाग से भी सागर दमोह पन्ना और छतरपुर में जिला अध्यक्ष घोषित हो चुके हैं जबकि निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में जिला अध्यक्ष की नियुक्ति आज होने की संभावना दिख रही है। भारतीय जनता पार्टी में संगठन द्वारा नियुक्त किए गए निर्वाचन प्रभारी के द्वारा अपने-अपने जिले में जाकर बैठके की जा रही है और उसके बाद जिला अध्यक्ष की घोषणा की जा रही है और इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा तीन सूची जारी कर 32 जिलों में जिला अध्यक्ष की घोषणा की जा चुकी है तथा सागर संभाग के चार जिलों में जिला अध्यक्ष की घोषणा की जा चुकी है और अब ऐसी संभावना दिख रही है कि आज निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में भी जिला अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है हालांकि दोनों ही जिलों में जिला अध्यक्ष के नाम को लेकर भारी विरोध देखा जा रहा है और कई स्थानों पर पसंद का जिला अध्यक्ष नहीं मिलने पर सामूहिक इस्तीफा देने की प्रक्रिया पर भी विचार किया जा रहा है।



***निवाड़ी टीकमगढ़ में आज हो सकती है घोषणा***

सागर संभाग में आने वाले दमोह सागर पन्ना और छतरपुर में जिला अध्यक्ष की घोषणा की जा चुकी है और अब ऐसी संभावना बताई जा रही है कि सागर संभाग के निवाड़ी और टीकमगढ़ जिले में भी आज संपन्न हुई संगठन की बैठक के उपरांत जिला अध्यक्ष की घोषणा की जा सकती है। गौरतलब है कि टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में जिला अध्यक्ष के नाम को लेकर भारी विरोध सत्ता संगठन के बीच देखा जा रहा है और ऐसा माना जा रहा है कि दोनों ही जिलों में पूर्व विधायक, वर्तमान विधायक तथा संगठन के पदाधिकारी के बीच चल रही खींचतान के चलते जिला अध्यक्ष की नियुक्ति में देरी हो रही है। दोनों ही जिलों में भारतीय जनता पार्टी के एक-एक विधायक हैं जिनके द्वारा अपनी पसंद का जिला अध्यक्ष बनाए जाने के लिए सभी प्रयास किये जा रहे हैं वहीं दोनों ही जिलों में पूर्व विधायक भी जिला अध्यक्ष के लिए प्रयासरत हैं।

***संभावित नाम को लेकर दिख रही भारी नाराजगी***

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी की गई तीन सूचियो में 32 जिलों में जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई है जिसमें सागर संभाग के सागर दमोह पन्ना और छतरपुर जिले में भी जिला अध्यक्ष घोषित किये जा चुके हैं जिसमें सागर शहर जिले में ब्राह्मण समाज से तथा ग्रामीण क्षेत्र में कुशवाहा समाज से महिला को जिला अध्यक्ष बनाया गया है इसी तरह दमोह जिले में पिछड़ा वर्ग से तथा पन्ना जिले में सामान्य वर्ग से ब्राह्मण समाज को संगठन में जिले की कमान दी गई है इसके साथ-साथ छतरपुर जिले में भी सामान्य वर्ग से ठाकुर समाज से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और अब टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में भी जिला अध्यक्ष के लिए आज घोषणा की जा सकती है। जिसमें निवाड़ी जिले में ब्राह्मण समाज से गणेशी लाल नायक तथा पिछड़ा वर्ग से डॉ रोहिन राय और महेश केवट के नाम चर्चाओं में है जबकि प्रबल संभावना गणेशी लाल नायक की बताई जा रही है इसके साथ-साथ ऐसी भी चर्चाएं हैं कि जिला अध्यक्ष के लिए संभावित तीन नाम में से दो नाम को लेकर संपूर्ण जिले में भारी विरोध देखा जा रहा है और यदि प्रबल संभावित नाम पर संगठन द्वारा मुहर लगाई जाती है तो जिले में भारतीय जनता पार्टी में भारी नाराजगी देखी जा सकती है तथा कई स्थानों पर सामूहिक इस्तीफे भी दिए जा सकते हैं।

***जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए आज संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया***

निवाड़ी जिले में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष के लिए 29 दिसंबर को आयोजित हुई रायसुमारी के उपरांत आज जिला अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसके लिए निर्वाचन प्रभारी कमल माखीजानी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉ नंदकिशोर नापित की उपस्थिति में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला अध्यक्ष के लिए अनोखी निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई गई और इस निर्वाचन प्रक्रिया में निवाड़ी जिले के 10 मंडलों में से लगभग 6 मंडल अध्यक्ष और 6 मंडल प्रतिनिधियों के द्वारा प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए गए जबकि प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर करने वाले मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रतिनिधियों को भी अपने प्रत्याशी के नाम के संबंध में जानकारी नहीं रही जिसके लिए उनके द्वारा प्रस्ताव दिया गया तथा समर्थन किया गया। बैठक के बाद हो रही चर्चाओं से मिली जानकारी के अनुसार बैठक में निर्वाचन प्रभारी के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जिला अध्यक्ष के नाम को लेकर विना जिला अध्यक्ष का नाम लिखें 6 मंडल अध्यक्ष और 6 मंडल प्रतिनिधियों के द्वारा प्रस्तावक और समर्थक के रूप में हस्ताक्षर कराए गए जबकि हस्ताक्षर करने वाले दस्तावेज पर जिला अध्यक्ष के लिए किसी का भी नाम नहीं लिखा गया जिससे हस्ताक्षर करने वाले मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रतिनिधियों को भी जिला अध्यक्ष के लिए घोषित होने वाले नाम के संबंध में जानकारी नहीं लग सकी इसके साथ-साथ बैठक में तत्कालीन जिला अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया जिसके लिए निर्वाचन सहायक प्रभारी डॉ नंदकिशोर नापित के द्वारा संगठन के जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची के कार्यकाल की प्रशंसा की गई तथा जिले में संगठन को मजबूत बनाने के लिए संगठन के सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा बैठक में संगठन के जिला अध्यक्ष के लिए संपन्न कराई गई निर्वाचन प्रक्रिया के लिए निर्वाचन प्रभारी एवं सहायक निर्वाचन प्रभारी को सम्मानित किया गया। बैठक में जिले के मंडल अध्यक्ष मंडल प्रतिनिधि सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को सुगम तरीके से हितलाभ करें सुनिश्चित- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल



*परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने निर्देश दिए हैं कि आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को सुगम तरीके से हितलाभ सुनिश्चित किया जाये। उन्हें अनावश्यक तकलीफ़ों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करती है और यह एक वरदान है। इसके विधिवत् क्रियान्वयन के लिए सतत निगरानी रखें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा की।*

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उप स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के उन्नयन और सशक्तीकरण कार्यों की समीक्षा की और समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आयुष्मान भारत योजना के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। सीईओ आयुष्मान भारत योजना और संचालक (प्रोजेक्ट) स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग डॉ. योगेश भरसट ने उप मुख्यमंत्री को अद्यतन स्थिति से अवगत कराया।

***वरिष्ठ नागरिकों के वयवंदना कार्ड की प्रगति में मध्यप्रदेश शीर्ष पर***

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में अब तक 4 करोड़ 20 लाख हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं और 38 लाख से अधिक उपचार सेवाओं से हितग्राही लाभान्वित हुए हैं। वहीं, 70 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड (वयवंदना कार्ड) की प्रगति में मध्यप्रदेश शीर्ष पर है। अब तक मध्यप्रदेश में 12,11,527 वयवंदना कार्ड वितरित किए गए हैं। उज्जैन जिले में 68,573, इंदौर में 65,505, बालाघाट में 50,405, राजगढ़ में 44,560 और छिंदवाड़ा में 41,687 कार्ड वितरित किए गए हैं।

# कंट्रोल रुम स्थापित कर सभी आशा की लोकेशन की मॉनिटरिंग कर एवं उनके द्वारा बनाए गए कार्डो की जानकारी प्रस्तुत करेंः कलेक्टर

### -खराब प्रगति वाली पंचायतों में बीएमओ कैम्प लगाकर प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनबाएं

### -70 प्लस आयुष्मान कार्ड में आगामी 4 दिवस में सभी सीईओ, सीएमओ एवं बीएमओ को प्रगति बढाने के निर्देश

छतरपुर। बुधवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में व्ही.सी. के माध्यम 70 प्लस आयुष्मान कार्ड की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, सीएमएचओ डॉ. आर.पी. गुप्ता, पीओ डूडा साजिदा कुरैशी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं व्हीसी के माध्यम से निकायों के सीएमओ, जनपदों के सीईओ, बीएमओ सहित अन्य अधिकारी जुड़े रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने सभी अधिकारियों से प्रतिदिन कितने कैम्प लगे एवं लक्ष्यानुसार प्रगति की समीक्षा की। छतरपुर बीएमओ की खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी 4 दिवस में 35 प्रतिशत से ऊपर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। एवं टटम पंचायत के खराब प्रगति पर सीईओ एवं बीएमओ को कार्य सुधार करने और सतत पंचायत स्तर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही लवकुशनगर, राजनगर बीएमओ को 45 प्रतिशत की प्रगति आगामी 4 दिवस में करने के निर्देश दिए।




कलेक्टर ने सभी बीएमओ एवं सीएमओ को बैठक लेकर सभी आशा कार्यकर्त्ता एवं बार्ड प्रभारी को बुलाकर कंट्रोल रूम की स्थापना कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। इस कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी आशा की लोकेशन लेकर एवं उनके द्वारा बनाए गए कार्डो की जानकारी प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिन पंचायतों में निराशाजनक प्रगति है उन पंचायतों में बीएमओ कैम्प लगाकर प्राथमिकता से आयुष्मान कार्ड बनबाएं। कलेक्टर ने बीएमओ ईशानगर द्वारा खराब प्रगति होने पर नाराजगी व्यक्त की और शिविरों की जानकारी लेते हुए पुनः बीएमओ को बैठक कर कमजोर ग्राम जहां प्रगति नहीं आई है वहां कैंप लगाकर और कार्ड बनाने के लिए कहा। इसी क्रम में कलेक्टर ने सभी जनपदों के सीईओ, सीएमओ, बीएमओ की 70 प्लस आयुष्मान कार्ड की क्षेत्रवार जानकारी लेते हुए लक्ष्य दिया और समयसीमा में प्रगति बढाने के लिए निर्देशित किया।

# सूने घर में अज्ञात चोरों की दस्तक , जेवरात, नकदी सहित दस्तावेज चोरी



नौगांव। नगर के वार्ड क्रमांक 5 भटट बंगला के पास अज्ञात चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाया और मौका पाकर घर के अंदर दस्तक दी। चोरों के द्वारा घर में रखे जेवरात नकदी और दस्तावेज चोरी किये गये।

पारस पटैरिया ने बताया कि उसका घर पिछले 20 दिनों से बंद था क्योकि उसके परिवार के लोग इंदौर में थे और उसका वहां ईलाज चल रहा था पड़ोसियों ने उन्हे फोन पर सूचना दी। घर के ताले टूटे है सूचना मिलते ही वह इंदौर से तत्काल नौगांव आया। बुधवार की सुबह वह अपने घर पहुंचा तो चौक गया क्योकि चोर उसके घर की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात जिसमें दो हार , चार चूड़ियां, कान की बालियां, सोने की चैन , अंगूठी, मंगलसूत्र , 50 चांदी के सिक्के,12 चूड़ियां चांदी, कमर बंद पायल करीब दो लाख रूपये नकद और मकान की रजिस्ट्री , एफडी बैंक पासबुक , बच्चो के बर्तन , 32 इंच का कम्प्यूटर स्क्रीन और जेवरात की रशीदे अज्ञात चोर ले गये। पारस के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गयी हालांकि पुलिस के द्वारा कई बार यह अवगत कराया गया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले लोग घर को सूना न छोड़े। पड़ोसी रिश्तेदार को लेटने के लिये भेजे और पुलिस को सूचना दे। हालांकि इस चोरी के बाद क्षेत्र में कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे है ।

# थाना बक्सवाहा पुलिस ने ग्राम जामुनझिरी में हत्या का प्रयास करने वाले 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**विनोद कुमार जैन**

परिहार गर्जना न्यूज। बक्सवाहा। विगत दिवस थाना बक्सवाहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामुनझिरी में आरोपियों द्वारा जान से मारने की नीयत से पीड़ित पर हमला किया गया था, फरियादी पीड़ित हरगोविंद साहू निवासी ग्राम जामुनझिरी के कथन, चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर थाना बक्सवाहा में भारतीय न्याय संहिता की हत्या के प्रयास सहित समुचित धाराओं में 3 नामजद आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया था। थाना बक्सवाहा पुलिस ने हत्या का प्रयास घटना में सम्मिलित दो आरोपियों 1. लक्ष्मण पटेल पिता कनछेदी पटेल निवासी ग्राम महूअट थाना बटियागढ़ जिला दमोह 2. पवन पटेल पिता उत्तम पटेल निवासी ग्राम पेमू थाना बटियागढ़ जिला दमोह को गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया, विधिवत कार्यवाही की जा रही है। घटना में सम्मिलित तीसरे आरोपी मनोहर पटेल की तलाश व विवेचना कार्यवाही जारी है। उक्त कार्यवाही में एसडीओपी बड़ा मलहरा श्री रोहित अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बक्सवाहा निरीक्षक कृपाल मार्को, चौकी प्रभारी बम्होरी उप निरीक्षक श्याम बेन, चौकी प्रभारी नैनागिरी उप निरीक्षक कादिर खान, उप निरीक्षक खुमान सिंह, प्रधान आरक्षक हरिराम, आरक्षक दीपक, पियूष, राहुल, उमेश, दिग्विजय, रतन सिंह की भूमिका रही।



# कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर 16 अनावेदकों पर 6 लाख से अधिक राशि की पेनाल्टी अधिरोपित की

### -खनिज विभाग ने संलिप्त वाहनों को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया था

### -अनावेदकों ने स्वीकार किया अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन

छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल ने 16 अनावेदकों के खिलाफ अवैध रूप से उत्खनन, परिवहन व भंडारण करने पर खनिज विभाग में दर्ज प्रकरणों में प्रतिवेदन के आधार पर 15 जनवरी 2025 को कुल 6 लाख 42 हजार 975 रुपए राशि की पेनाल्टी अधिरोपित कर सम्बन्धित को पेनाल्टी राशि जमा कराने के आदेश दिए गए। जिला खनिज अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते हुए पाए जाने पर सहा. खनि अधिकारी द्वारा सभी अनावेदक के वाहन ट्रैक्टर द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जब्त कर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के नियम 18 (2) के उप-नियम (1) के प्रावधानों के अंतर्गत निराकरण के लिए प्रतिवेदन प्राप्त हुआ था। उक्त सम्बंधित पर प्रकरण दर्ज कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। जिसके जवाब अनावेदक वाहन चालकों ने उपस्थित होकर दिए और बगैर ईटीपी खनिज उत्खनन, परिवहन व भंडारण के अपराध को स्वीकार किया। उपरोक्त प्रकरणों में कलेक्टर श्री जैसवाल द्वारा संबंधित के विरुद्ध पेनाल्टी राशि अधिरोपित कर अनावेदक वाहन चालकों द्वारा अर्थशास्ति व प्रशनन की राशि का भुगतान कर देने के उपरांत प्रकरण का प्रशमन कर वाहन मुक्त करने का खनिज विभाग को निर्देश दिया है।

# नपा प्रशासन ने सड़क के दोनों ओर का अतिक्रमण हटाया

छतरपुर। कलेक्टर के निर्देशन में एसडीएम, नगर पालिका एवं पुलिस प्रशासन ने महाराजा कॉलेज तिराहे से छत्रसाल चौक तक सड़क के दोनों ओर पसरे अतिक्रमण को हटाने की मुहिम शुरू की। एसडीएम अखिल राठौर ने बताया कि विगत दिनों राजनगर रोड का अतिक्रमण हटाया गया था। इसी मुहिम के तहत बुधवार को महाराजा कॉलेज तिराहे से छत्रसाल चौक तक सड़क के दोनों बैठे हाथठेला, फुटपाथ दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फुटपाथ दुकानदारों के कारण सड़कें सकरी हो जाती हैं जिस कारण लोगों को निकलने में भी परेशानी होती है। इस मौके पर नपा सीएमओ सहित पुलिस बल मौजूद रहा।



**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321